प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग**, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

7 अक्तूबर 2025

## भारतीय रिज़र्व बैंक ने रिज़र्व बैंक - ओम्बड्समैन योजना, 2025 के मसौदे पर जन सामान्य से टिप्पणियाँ आमंत्रित कीं

भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज रिज़र्व बैंक - ओम्बड्समैन योजना, 2025 (योजना) का मसौदा जारी किया।

2. 12 नवंबर 2021 को शुरू की गई रिज़र्व बैंक - एकीकृत ओम्बड्समैन योजना (आरबी-आईओएस), 2021, विनियमित संस्थाओं (आरई) के ग्राहकों को एक तीव्र, लागत-प्रभावी और त्वरित वैकल्पिक शिकायत निवारण तंत्र प्रदान करती है। परिचालनगत अनुभव, हितधारकों की प्रतिक्रिया और वैश्विक सर्वोत्तम पद्धतियों के आधार पर, रिज़र्व बैंक ने इस योजना की व्यापक समीक्षा की है।

3. योजना के मसौदे पर जनता/ हितधारकों से 28 अक्तूबर 2025 तक टिप्पणियां आमंत्रित की गई हैं। टिप्पणियां/ प्रतिक्रिया रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध 'कनेक्ट 2 रेगुलेट' खंड के अंतर्गत लिंक के माध्यम से या ईमेल द्वारा प्रस्तुत की जा सकती हैं या वैकल्पिक रूप से निम्नलिखित पते पर भेजी जा सकती हैं:

मुख्य महाप्रबंधक
उपभोक्ता शिक्षण और संरक्षण विभाग, केंद्रीय कार्यालय
भारतीय रिज़र्व बैंक
पहली मंजिल, अमर भवन
फोर्ट, मुंबई - 400 001

**(ब्रिज राज)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/1258**